

एक नजर में

## ईएनसी कैलाशचंद्र चौहान का निधन



**देवास।** स्व. सेवाराम चौहान, पन्नादेवी चौहान के ज्येष्ठ पुत्र, महेन्द्रसिंह सुरेन्द्रसिंह चौहान के बड़े भाई, सुलोचना एवं वर्षा, सुनील, अनिल के पिता, अथर्व एवं हर्ष के दादाजी 78 वर्षीय कैलाशचंद्र चौहान का लम्बी बीमारी के बाद 16 जुलाई को देहावसान हो गया। 3 महावीर नगर देवास से निकली अंतिम यात्रा में सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं समाज बंधु शामिल हुए। श्मशान घाट पर आयोजित अंतिम संस्कार में उनके पुत्र अनिल ने मुखाग्नी दी। श्मशान पर आयोजित शोक सभा में आर.पी. गेहलोत, कैलाशसिंह राजपूत, नंदकिशोर पोरवाल, डॉ. एस.एस.मालवीय, ओ.पी.सोलंकी, डॉ. एच.आर.मालवीय, जयरामसिंह, दिनेश चौहान, आर.पी.सोलंकी, अशोक टिपानिया, दरियावसिंह मालवीय, हेमराज परमार, लक्की चौहान सहित कई नागरिकों ने श्रद्धांजलि दी। अस्थि संचय 18 जुलाई को प्रातः 9 बजे किया जाएगा।

## बकायादारों के नामों की सूची तैयार, होगी कार्रवाई : आयुक्त



**देवास।** संपत्तिकर और जलकर के बकायादारों से सख्ती से करों की वसुली करने के निर्देश आयुक्त दलीप कुमार ने निगम राजस्व वसुली की टीम को दिए। जिन बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर वसुली के दौरान जमा नही किए है। ऐसे बकायादारों पर कुर्की एवं जप्ती तथा नल कनेक्शन विच्छेद हेतु राजस्व अधिकारी एवं पूरी टीम को कहा तथा जिन नई पाईप लाईन से नल कनेक्शन हो चुके है पुरानी पाईप लाईन को बन्द करने के निर्देश दिए साथ ही जिन वार्डो से जलकर, संपत्तिकर की राशि जमा नही हो रही है उन वार्ड क्षेत्रों को चिन्हीत कर बकायादारों के नामों की सूची तैयार कर इन बकायादारो के विरूद्ध निगम अधिनियम अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव को निर्देश दिए। जिन वसुलीकर्ताओं के द्वारा अपने वार्ड क्षेत्रों से दिये गये वसुली के लक्ष्य अनुसार वसुली नही की जाती है तो उन वसुलीकर्ताओं के वेतन आहरण नही करने के साथ नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी भी आयुक्त ने दी।

## भगवान जगन्नाथ को अर्पित कर बाल भोग लगाया



**बागली।** पिपरी मुख्यालय पर स्थित मनकामेश्वरी नर्मदा मंदिर पर सनातन विचार मंच संस्था द्वारा आषाढ़ शुक्ल की दूज पर एक और जहां देश के जगदीश मंदिरों में भगवान जगन्नाथ को अटका चढ़ा कर भात का भोग लगाया जा रहा है। उसी दिन पिपरी में भी इंदौर की महिला भक्त द्वारा गुप्त दान करते हुए मदींर परिसर में भगवान कृष्ण की प्रतिमा एवं मां नर्मदा को भोग लगाते हुए बड़ी संख्या में बाल गोपाल बालकों को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई संस्था से जुड़े गिरधर गुप्ता ने बताया कि भगवान जगन्नाथ प्रेमी उक्त महिला के परिजनों ने इस धार्मिक बाल भोग में आर्थिक सहयोग के साथ-साथ शारीरिक सहयोग भी दिया सभी बाल गोपाल को यथा योग्य दक्षिणा भी दी गई। इसी दौरान अंत्य श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी का लाभ लिया

## पीएम श्री विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम



**बागली-** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटपिपलिया में वृक्षारोपण पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यालय परिसर में भारत स्काउट गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ देवास के जिला अध्यक्ष मनोज जोशी,पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य एमपी सिंह, रोटरी क्लब मंडल 3040 के असिस्टेंट गवर्नर नसरुद्दीन पठान,रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज मुकाती,सचिव कृपाल सिंह उदावत,क्लब के पूर्व अध्यक्ष अंतरसिंह भंडारी पूर्व अध्यक्ष राजेश जोशी,मुफीद एहमद पठान,राजपाल सिंह चौहान, समाज सेवी नाथूलाल सोठिया विधालय परिवार के शिक्षक ,शिक्षिका एवं छात्राओ की उपस्थिति में वृक्षारोपण बादाम,आम एवं जामुन के पौधो को लगाया गया।

## बागली नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगदीश, बलभद्र, सुभद्रा

**बागली।** आषाढ़ शुक्ल दूज तिथि पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष से भी बागली के प्राचीन जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा आरंभ हुई यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: जगदीश मंदिर पहुंची इस दौरान रथ को खींचने के लिए पुजारी परिवार सदस्यों सहित बागली विधायक मुरली भंवरा राजा राघवेंद्र सिंह कमल यादव विपिन शिवहरे सुनील उपाध्याय गोविंद यादव मुकेश दांगी दिलीप गुर्जर ललित भाटी अमित उपाध्याय आदी के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे शोभा गोस्वामी गीता चौधरी शीला चावढ़ा सहित बड़ी संख्या में युवा और वरिष्ठ उपस्थित रहे ।


नवभारत
देवास में रिपोर्टर चाहिए

देवास में एक जुझारू और सक्रिय रिपोर्टर की आवश्यकता है. अनुभवी को प्राथमिकता. इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा के साथ संपर्क करें.

नवभारत
6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्पलेक्स, एबी रोड, इंदौर
मो. नं. 9826825116


# 10 किमी का सफर करने में भी लग रहे 30 मिनट

- डकाचिया फाटा से पोलाय जागीर तक सड़क बुरी तरह जर्जर, पैदल राहगीरों तक को हो रही परेशानी





**भौरासा।** डकाच्या-सोनकच्छ विधानसभा के अंतर्गत ग्राम डकाचिया फाटा से पोलाय जागीर तक करीब 3.86 किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुकी है। ऐसे में पिछले दो वर्षों से वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या स्कूली बच्चों के साथ होती है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो चुकी है। शुरुआती बारिश में ही इसकी हालात बदतर हो गई है ग्रामीणों जल्द निर्माण की मांग की है।

डकाच्या के पूर्व सरपंच मनोहर यादव, दौलत सिंह यादव, अमर सिंह यादव, जगदीश प्रजापति, संजय यादव, मधु कुंभकार, मोहन मिस्त्री, कमल सिंह सेठ, माखन यादव, अर्जुन यादव, गोपाल यादव, रामचरण यादव, हिम्मत सिंह यादव, राजेंद्र पटेल, कमल सिंह यादव, जगदीश प्रजापति व धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सड़क खराब होने से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। स्कूल के बच्चे पैदल जाते हैं, उन्हें निकालने में दिक्कत होती है। लोग अपने कार्य छोड़कर बच्चों को वाहनों से स्कूल छोड़ने जा रहे हैं। ग्राम पोलाय जागीर में शासकीय हाई स्कूल मौजूद है व ग्राम बावई में हाई सेकंडरी स्कूल है।

**इस रास्ते से निकलने पर समय की होती है बचत**

ग्रामीणों ने बताया यह सड़क डकाच्या, पोलाय जागीर, पांदा जागीर, गुराडिया,नोसराबात, बाबई, सांवेर, सोनकच्छ और इंदौर भोपाल हाईवे से टच जुड़ा हुआ है। इसके सहित दर्जनों गांवों को सोनकच्छ तहसील मुख्यालय से भी जोड़ती है। इस मार्ग से सोनकच्छ से हाटपिपलिया जाने के लिए भी कम दूरी का सफर तय करना होता है साथ ही समय की बचत भी होती है ग्रामीणों का कहना है कि हम पिछले दो साल से परेशान हो रहे हैं।

सोनकच्छ पहुंचने में केवल 10 मिनट लगते थे, लेकिन अब 30 मिनट से भी ज्यादा का समय लग रहा है।



## शिवराजसिंह चौहान ने पं. भरत व्यास को बनाया वृक्षमित्र

**देवास।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा गत दिवस दिल्ली में पर्यावरण संरक्षण संकल्प वृक्षमित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराजसिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में देवास के युवा समाजसेवी पं. भरत व्यास ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना था, जिसमें देश भर से पर्यावरण प्रेमियों को आमंत्रित किया गया था। इसके तहत देवास जिले से एकमात्र पं. भरत व्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।



## रैन बसेरों का किया जा रहा कायाकल्प

**देवास।** मध्य प्रदेश शासन नगरीय आवास एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार देवास नगरीय क्षेत्र के रैन बसेरों का कायाकल्प किया जा रहा है।

रैन बसेरों आश्रय स्थल के कायाकल्प के अन्तर्गत लोगों की निरूशुल्क ठहरने की समुचित व्यवस्थाओं को लेकर आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम के दोनों आश्रय स्थल भोलेनाथ रोड रैन बसेरा, इटावा बस स्टेण्ड रैन बसेरा पर ठहरने वाले लोगों के लिए की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं में नए पलंग, गद्दे, चादर एवं तकिए की व्यवस्था निगम द्वारा की गई। साथ ही आयुक्त ने अन्य ओर दी जाने वाली सुविधाओं की व्यवस्था के लिए उपायुक्त जाकिर जाफरी को निर्देशित किया। उपायुक्त जाफरी के द्वारा भोलेनाथ रोड एवं ईटावा बस स्टेण्ड के आश्रय स्थलों में नए पलंग, गद्दे, चादर और तकिए की, की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत दो जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

- करुणामय कृपा फाउंडेशन ने कराया विवाह

**देवास।** श्री करुणामय कृपा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन, देवास द्वारा शासन की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह योजना के अंतर्गत शिव मंदिर, मिश्रीलाल नगर में विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजन में दो विवाह संस्था के पदाधिकारियों, समिति के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग की ओर से महिमा जैन विशेष रूप से उपस्थित रहीं तथा उन्होंने नवविवाहित दंपतियों को शुभकामना देते हुए शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। संस्था की अध्यक्ष आरती रलोती व शेरसिंह राजपूत ने बताया कि श्री करुणामय कृपा सोशल वेलफेयर फाउंडेशन समाज के जरूरतमंद, विधवा एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के पुनर्विवाह एवं विवाह को सम्मानपूर्वक संपन्न कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



## पत्रकार संगम में पत्रकारों के हितों पर की चर्चा

**कन्नौद।** कन्नौद-ननासा रोड स्थित सत्कार रिसोर्ट में कन्नौद एवं आसपास के क्षेत्रों के पत्रकारों का पत्रकार संगम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बैठक में समाचार संकलन एवं कवरेज के दौरान पत्रकारों को आने वाली समस्याओं, लंबे समय से लंबित पत्रकार भवन की मांग, पत्रकार सुरक्षा कानून और पत्रकारों के हितों से जुड़े अन्य विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने संकल्प लिया कि क्षेत्र के किसी भी पत्रकार के साथ अन्याय होने पर सभी एकजुट होकर उसका समर्थन करेंगे। बैठक में यह भी सहमति बनी कि भविष्य में आयोजित होने वाले पत्रकार संगम में देवास जिले के अन्य कस्बों एवं गांवों के पत्रकारों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि जिलेभर के पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय और एकता स्थापित हो सके। अगले पत्रकार संगम का आयोजन खातेगांव, बिजवाड़ अथवा कांटाफोड़ में आयोजित करने पर भी सहमति बनी। अंतिम स्थान का चयन सभी साथियों से किया जाएगा बैठक में कन्नौद , कांटाफोड़ , कुसमान्या के पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## नशे से दूरी है जरूरी ... के नारों से गूंज उठा सतवास



- नशा मुक्ति के लिए निकाली जन जागरूकता रैली

**सतवास।** पुलिस थाना सतवास के द्वारा, जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद के मार्गदर्शन में , थाना प्रभारी सतवास दिलीप कुमार पुरी के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नशे से दूरी बहुत जरूरी के नारों से सतवास नगर गूंज उठा।

इस रैली में नगर के नागरिक, पत्रकार और सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के छात्र- छात्रा, महविद्यालय के छात्र - छात्रा और शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओ, नगर परिषद के लोग भी उपस्थित थे। रैली एवं कार्यक्रम का संचालन स्काउट शिक्षक मनोज दुबे ने किया । कार्यक्रम में थाना प्रभारी दिलीप कुमार पुरी द्वारा, सभी को नशे से दूरी हे जरूरी 2.0 की शपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी ने सभी से यह अपील की, कि आप अपने आस पास होने वाले किसी भी प्रकार के नशे की सुचना तत्काल पुलिस थाने पर दें, और लोगों को भी नशे की बुराइयां बताएं। जीवन भर नशे से दूर रहे, क्योंकि नशा सम्पूर्ण जीवन की खुशियों का नाश कर देता है। कॉलेज प्राचार्य दिलीप मौर्य, प्रोफेसर प्रवीण यादव व अन्य मौजूद थे।



## लाइवलीहुड का प्रशिक्षण और एक्सपोजर भ्रमण

**देवास।** वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज द्वारा लाइवलीहुड का प्रशिक्षण एवं एक्सपोजर भ्रमण 16 जुलाई को ग्राम जैतपुरा एवं ग्राम आनंदपुरा डुंगरिया, देवास में किया गया। जिसमें सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटी पार्लर विजिट , कॉस्मेटिक स्टोर विजिट , किराना विजिट , कराया गया। प्रशिक्षण में चंदा चौहान दीदी सिलाई ट्रेनर, सीमा नायक संकुल कोषाध्यक्ष, कुंता दीदी समूह अध्यक्ष, पूजा दीदी समूह सदस्य ने सभी महिलाओं को सिलाई के बारे में बताया और अपने अनुभव साझा किये। इसके साथ ही ब्लाउज, सलवार कुर्ता की कटिंग बताई गई एवं सिलाई मशीनो की विजिट कराई गई। विजिट में वेलस्पन फाउंडेशन से लोकेशन लीड उपस्थित रहे।



## महापौर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का हो समय पर निराकरण : उपायुक्त

**देवास।** निगम में बुधवार 15 जुलाई को आयोजित महापौर जनसुनवाई मे महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के प्रवास पर होने के कारण जनसुनवाई निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा की गई।

जनसुनवाई में उपायुक्त को लोगों द्वारा कालानीबाग में जल निकासी करने, वार्ड 12 राजा राम नगर में गंदगी व स्ट्रीट लाईट की समस्या, वार्ड 32 में गंदा पानी घर में आने, सनसीटी-1 कालोनी में सफाई व्यवस्था, सीवरेज की समस्या एवं गार्डन में ओपन जीम, झूले, फिसलपट्टी लगाने के साथ ही अन्य समस्याओं के आवेदन दिये गये। उपायुक्त श्री जाफरी ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर उनका निराकरण किये जाने के निर्देश दिए गये। इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, उपायुक्त वित्त दीपक पटेल, सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, मुशाहिद हन्फी, दिनेश चौहान, कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, उपयंत्री जीवन रावत, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, हेमन्त उबनारे, हरेन्द्रसिह ठाकुर, मुन्ना कुरैशी, विशाल जगताप, विकास शर्मा और अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## गलती करना अपराध नहीं, एक गलती न दोहराएं ...

- जिनवाणी शास्त्र ग्रन्थ समयसार के स्वाध्याय के माध्यम से शिष्यों को आचार्य प्रसन्न सागर ने समझाया
- जिला कलेक्टर पहुंचे दर्शन को किया पुष्पगिरी भ्रमण





**सोनकच्छ।** जैन ग्रन्थ स्वाध्याय समयसार जिनकी गाथाओं को आचार्य भगवंत विद्यासागर जी महाराज ने अपने प्रवचन का विषय बनाया, जो हमें सिखा रहा है कि यह आत्मा जब अपने से भिन्न पदार्थ को परवस्तु जान लेता है या जब तक हम परवस्तु को अपना मान रहे हैं समझलो। मिथ्याव अपने अंदर बैठा है। यह ग्रन्थ हमें दिशा बोध देता है कि हरपल अपने आत्मकल्याण को ध्यान में रखना चाहिए।

यह बात गुरुदेव ने प्रतिदिन होने वाले जिनवाणी शास्त्र ग्रन्थ समयसार के स्वाध्याय के माध्यम से अपने शिष्यों को समझाते हुए कही उन्होंने कहा कि प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, और कायोत्सर्ग यह तीन बाते आप का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। प्रतिक्रमण अर्थात पूर्व में जो गलती हमसे हुई हो उसे स्वीकार कर लेना, लेकिन उस गलती को इस भाव के साथ स्वीकार करे कि अब कभी हम वह गलती नहीं करेंगे।

गलती करना अपराध नहीं है गलती को बार-बार करना अपराध है। इसलिए यहां पूज्यसंत कह रहे है पाप का प्रायश्चित है पर अपराध का नहीं क्योंकि पाप की सजा कर्म देता है अपराध की सजा कानून इसी तरह प्रत्याख्यान का अर्थात जो गलतियां हमने भविष्य में की है अब हम संकल्प पूर्वक अब कभी उस गलती को नहीं दोहराएंगे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के कार्यालय का साकेत नगर शक्तिपीठ पर किया शुभारंभ

देवास। परम पूज्य गुरुदेव वेद मूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में वर्ष 1994 से पूरे देश में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं भारतीय संस्कृति सभ्यता से परिचित कराने हेतु भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है इस वर्ष की यह परीक्षा 3 अक्टूबर 2026 को पूरे प्रदेश में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह चौधरी ने बताया कि साकेत नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के कार्यालय का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर परीक्षा संयोजक शिवनारायण शर्मा देवी शंकर तिवारी बीएल खंडेलवाल महेश पंड्या प्रमोद निहाले, डॉ. दिलीप सोलंकी, रामनिवास कुशवाह आदि सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

**एक नजर** क्षेत्र के अधिकांश किसान इन दिनों सोयाबीन, मक्का की फसलों में खरपतवार नियंत्रण और दवाई का कर रहे छिड़काव

# बारिश की लंबी खेंच ने किसानों को किया मायूस, सूखने लगी फसलें

**कांटाफोड़ । क्षेत्र में मानसून की शुरुआत उम्मीदों के अनुरूप हुई थी। शुरुआती दौर में हुई अच्छी और लगातार बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही थी।**

अधिकांश किसानों ने समय पर बोनी का कार्य पूरा कर लिया, जबकि कुछ किसानों की बोनी अत्यधिक वर्षा के कारण देरी से हो सकी। अब स्थिति इसके ठीक विपरीत हो गई है। पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में नमी तेजी से कम होती जा रही है और खरीफ फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।



क्षेत्र के अधिकांश किसान इन दिनों सोयाबीन और मक्का, की फसलों में खरपतवार नियंत्रण और दवाई के छिड़काव का कार्य कर रहे हैं। लेकिन लगातार बारिश नहीं होने से फसलों की बढ़वार रुकने लगी है। कई खेतों में पौधे मुरझाने लगे हैं और मिट्टी में दरारें भी दिखाई देने लगी हैं।

किसानों का कहना है कि पहले अधिक बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया था, जिससे कई स्थानों पर दोबारा बोनी तक करनी पड़ी। अब दूसरी समस्या बारिश की लंबी खेंच के रूप में सामने आ गई है।

**बारिश नहीं होने से चिंता और बढ़ गई**

लगातार सूखे जैसे हालात बनने से खेतों की नमी समाप्त हो रही है और फसलें तनाव की स्थिति में पहुंच रही हैं। इस बीच किसानों को यूरिया खाद की उपलब्धता को लेकर भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अब खाद डालने के बाद पर्याप्त बारिश नहीं होने से उसका अपेक्षित लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि खाद डालने के बाद समय पर वर्षा हो जाए तो फसलों की बढ़वार बेहतर होती है, लेकिन बारिश नहीं होने से चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान प्रतिदिन मौसम पर नजर बनाए हुए हैं। आसमान में बादल तो दिखाई देते हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से किसानों की उम्मीदें बार-बार टूट रही हैं। खेतों में नमी लगातार कम होने से फसलों के पीले पड़ने और सूखने का खतरा बढ़ता जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि अगले दो से तीन दिनों के भीतर अच्छी वर्षा नहीं हुई तो सोयाबीन सहित अन्य खरीफ फसलों को नुकसान होने की आशंका है।